to a maximum of Rs. 2/- as service charges in respect of each STD/ISD Call from STD PCO.

3. *Location*

The important places given below are preferred for selecting the location of PCO

— Commercial Housing Societies
— Resettlement Colonies
— Government Colonies
— Family Quarters of Defence Personnel
— Students Hostel
— Bus Stands
— Tourist Centres
— Airports
— Piligrim Centres
— Railway Stations
— Charitable Institutions
— Hospitals
— Educational Institutions, Public Libraries.

पटना-जशपुर-गुमला आप्टिकल फाईबर लाईन

4484. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के रायगढ़ जिले के जशपुर नगर में आप्टिकल फाईबर केबल लाईन बिछाने और उसे बिहार के गुमला-पटना संचार लाईन से जोडने हेतु योजना को स्वीकृति कब दी गयी ;

(ख) उक्त टेलीफोन लाईन को बिछाने के लिए वर्ष 1994-95 में कुल कितनी धनराशि मंजूर की गई है; और

(ग) पटना-गुमला-जशपुर आप्टिकल फाईबर लाईन बिछाने के काम में जुलाई 1994 तक की प्रगति का ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) मध्य प्रदेश के रायगढ़ जिले में जशपुर शहर को बिहार में गुमला-पटना के साथ आप्टिकल फाईबर केबिल पद्धति द्वारा जोड़ने के लिए कोई मंजूरी नहीं दी गई है ।

(ख) उपर्युक्त (क) को ध्यान में रखते हुए कोई व्यय नहीं किया गया है ।

(ग) उपर्युक्त (क) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नही उठता ।

जबलपुर में इलक्ट्रोनिक एक्सचेंज से जुड़े हुए क्षेत्र

4485. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जबलपुर शहर के किन-किन क्षेत्रों को अभी तक इलैक्ट्रोनिक एक्सचेंजों से जोड़ा जा चुका है और किन-किन क्षेत्रों को अभी और जोड़ने की संभावना है ;

(ख) कितने दूरभाष उपभोक्ता क्रास बार एक्सचेंज से जुड़े हुए हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज से जोड़ने हेतु भूमिगत केबल लाईन बिछायी गई है ; केबल लाईन की गहराई कितनी होना आवश्यक है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि "जंक्शन बाक्स" सीमेंटिड बनाये जाना आवश्यक है; यदि हां, तो क्या इन जंक्शन बाक्सों को सीमेंटिड बनाया गया हैं; और

(ङ) क्या दूरसंचार विभाग ने इस काम को ठेके पर कराया है; यदि हां, तो किन-किन ठेकेदारों से और इस पर कितना व्यय हुआ ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) सभी क्षेत्रों को इलैक्ट्रोनिक एक्सचेंजों से जोड़ दिया गया है। केवल बिना एम०टी०डी०वाले टेलीफोन कनेक्शन क्रासबार एक्सचेंज से दिए गए हैं।